## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़, 116 की मौत। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुर्घटना पर जताया शोक।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में कहा– नीट पेपर लीक मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
- झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज इंडिया गठबंधन के विधायकों की बुलायी बैठक, लिया जा सकता है बड़ा सियासी फैसला।
- मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा और हजारीबाग समेत पूरे राज्य में अगले दो दिनों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।
- झारखंड को मिली एसजीएफआई की चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी।

******************

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की सिकंदराराऊ तहसील के गांव रतिभानपुर मुगलगढ़ी में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मरने वालों की संख्या 116 हो गई है। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 18 लोगों का इलाज अलीगढ़ में चल रहा है। यह जानकारी अलीगढ़ मंडल की कमिश्नर चौत्रा बी ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हाथरस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य सरकार की निगरानी में प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लोकसभा को भरोसा दिलाया कि सरकार पेपर लीक के मुद्दे पर बहुत गंभीर है और इस बारे में युद्धस्तर पर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार तीन गुना अधिक ताकत और गति के साथ काम करेगी और तीन गुना परिणाम देगी। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देशवासियों ने उसे विपक्ष में बैठने के लिए वोट दिया है। मुख्य विपक्षी दल लगातार तीन बार आम चुनावों में 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसका सहयोगी तंत्र लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए को हरा दिया है। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्व सोच और समझदारी दिखाने के लिए देश के लोगों की सराहना की।

******************

तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता–2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम–2023 एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गये हैं। राज्य में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में देवघर स्थित केंद्रीय कारा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कारा अधीक्षक सत्येंद्र चौधरी ने बंदियों सहित जेल कर्मियों व बंदियों के परिजनों को तीनों नये कानूनों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन पदाधिकारी गौतम कुमार, अधिवक्ता दिलीप सिंह समेत कई कानूनविद् मौजूद थे।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा के लिए आज इंडिया ब्लॉक के विधायक दल की अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच बंद कमरे में हुई मंत्रणा के बाद बुलाई गई है। बैठक सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर होगी। बैठक में झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायकों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इंडिया गठबंधन के विधायकों की बैठक में राज्य नेतृत्व में संभावित बदलावों पर भी चर्चा हो सकती है। ऐसी अटकलें हैं कि विधायक हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में बहाल करने का प्रस्ताव रख सकते हैं। कथित भूमि घोटाले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 28 जून को हेमंत सोरेन को जेल से रिहा किए जाने के कुछ दिनों बाद यह बैठक हो रही है। इस बीच, महत्वपूर्ण बैठक के मद्देनजर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आज का आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

******************

धनबाद जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के बीपीएल श्रेणी के वृद्ध लाभुकों से आवेदन मांगे हैं।

******************

दक्षिण पश्चिम मॉनसून देश के सभी हिस्सों में पहुंच गया है। मॉनसून ने पूर्व निर्धारित समय से छह दिन पहले ही देश में दस्तक दे दी है। झारखंड में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में अगले दो दिनों तक झमाझम बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान संताल के अलावा कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।

******************

झारखंड को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, एसजीएफआई की चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी मिली है। इस सिलसिले में एसजीएफआई ने राज्य सरकार को पत्र भेजा है। इसके तहत एथलेटिक्स अडंर–14 और अंडर–19, साइकिलिंग के सभी ट्रैक इवेंट, हॉकी अंडर–19 और टेनिस अंडर–19 बालक–बालिका की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं रांची में आयोजित की जायेंगी।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने हाथरस दुर्घटना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण के शब्द हैं– हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 116 मरे।
प्रभात खबर ने इंडिया ब्लॉक के विधायकों की आज होनेवाली बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर लिखता है– सीएम हाउस मे सत्ता पक्ष की महत्वपूर्ण बैठक आज, सभी मंत्री–विधायकों को शामिल होने का निर्देश।
रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– परीक्षा से कुछ घंटे पहले तैयार होगा क्वेश्चन पेपर ।
राष्ट्रीय नवीन मेल ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए जवाब को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने हाथरस भगदड़ में 116 मौतों की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******************